दिन– शुक्रवार | दिनांक– 05 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए। देश के विकास में महिलाओं की अग्रणी भूमिका के लिए बालिका शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

02. राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से बिहार के तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पटना में आयोजित कार्यक्रम में राज्य शिक्षक पुरस्कार से बहत्तर शिक्षक हुए सम्मानित।

03. बिहार को लेकर केरल कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया पर किये गए एक आपत्तिजनक पोस्ट की एनडीए ने कड़ी आलोचना की।

04. और, राजगीर में आयोजित एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम सुपर फोर स्टेज के मुकाबले में कल चीन के साथ खेलेगी।

---

आज शिक्षक दिवस है। यह दिन महान शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में विज्ञान भवन में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। श्रीमती मुर्मु ने देश के विकास में महिलाओं की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए बालिकाओं के लिए सर्वोत्तम शिक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने हाल के वर्षों में उच्च शिक्षा के लिए बालिकाओं की संख्या बढ़ने पर प्रसन्नता जताई।

–––बाइट–––

बालिकाओं की शिक्षा पर सर्वाधिक महत्व दिया जाना चाहिए। बेटियों की शिक्षा में निवेश करके हम अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य निवेश करते हैं। आधुनिक भारत में स्त्री शिक्षा की आधारशिला रखने वाली सावित्री बाई फुले जी की स्मृति में मैं उनको सादर नमन करती हूं।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा से कमजोर वर्गों के बच्चों का सशक्तिकरण होता है और उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा को सुलभ और सरल बनाने पर विशेष बल दिया गया है।

–––बाइट–––

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य यह है कि भारत एक ग्लोबल नॉलेज सुपर पॉवर बने। इसके लिए यह अनिवार्य है कि हमारे शिक्षकों की पहचान विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में हो। स्कूल एजुकेशन, हायर एजुकेशन और स्किल एजुकेशन शिक्षा के इन तीनों क्षेत्रों में हमारी संस्थानों और शिक्षकों को बढ–चढकर योगदान देना है। इस दिशा में हमारे शिक्षण संस्थान और शिक्षक आगे बढ़ रहे हैं लेकिन अभी हमें बहुत आगे जाना है। मुझे विश्वास है कि हमारे शिक्षकगण अपने निर्णायक योगदान से भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपर पॉवर के रूप में प्रतिष्ठित करेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में तीन बिहार के हैं। किशनगंज के सुहागी प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका कुमारी निधि ने हमारा विद्यालय–हमारी जिम्मेदारी अभियान चलाकर स्कूल को समुदाय से जोड़ा।

———बाइट———

सुपौल के ललित नारायण लक्ष्मी नारायण प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार ने नवाचारपूर्ण शिक्षा और अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से छात्राओं को नई उपलब्धियां दिलाई।

———बाइट———

सैनिक स्कूल नालंदा के डॉक्टर प्रमोद कुमार का अट्ठाईस वर्षों की सेवा के दौरान जीवविज्ञान में शत–प्रतिशत परिणाम और छात्रों के सर्वांगीण मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

———बाइट———

---

इधर, शिक्षक दिवस के अवसर पर पटना में राज्य शिक्षक पुरस्कार से बहत्तर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसमें तैंतालीस शिक्षक और उनतीस शिक्षिका शामिल हैं। श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित समारोह में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया। शिक्षकों को तीस हजार रुपये का चेक, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण के तहत छब्बीस हज़ार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इधर, शिक्षक दिवस पर प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूलों से स्वदेशी दिवस या स्वदेशी सप्ताह जैसे अवसर मनाने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि बच्चों में स्वदेशी की भावना जगाने के लिए ऐसे आयोजन होने चाहिए।

———बाइट———

स्वदेशी यानि जो कुछ भी हमारे देश में पैदा होता है, जो हमारे देश में बनता है, वो चीजें जिसमें मेरे देशवासियों की पसीने की महक है वो मेरे लिए स्वदेशी है और इसलिए इसके प्रति हमारा गौरव होना चाहिए हर घर पर। जैसे हर घर तिरंगा है ना हर घर स्वदेशी। घर–घर स्वदेशी और हर दुकानदार अपने यहां बोर्ड लगाए गर्व से कहो ये स्वदेशी है।

---

जीएसटी परिषद् ने बच्चों की पढ़ाई से जुड़े कई स्टेशनरी उत्पादों को जीएसटी के दायरे से बाहर कर दिया है। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

जीएसटी परिषद ने बच्चों की पढ़ाई से जुड़े कई स्टेशनरी उत्पादों को जीएसटी के दायरे से बाहर कर दिया है और जल्द ही इनकी कीमतों में गिरावट देखने को मिलेगी। कापी, पेंसिल, शार्पनर, ग्राफ़ बुक, नक्शे , ग्लोब और नोटबुक जैसी वस्तुएँ, जिन पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था उसे अब कर–मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा स्टेशनरी सामान जैसे जमेट्री बॉक्स और कलर बॉक्स पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर पाँच प्रतिशत कर दिया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि कई वस्तुओं से जीएसटी हटा दिया गया है, जबकि कई अन्य पर इसे घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इससे आम नागरिकों पर शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक बोझ कम होगा।

दो दिन से देश की वित्त मंत्री जी ने मीटिंग करके जीएसटी काउंसिल में सर्वसहमत नई जीएसटी रिफॉर्म को लागू किया है इसमें विशेषकर के भारत के सामान्य लोग भारत के मध्यवर्गीय, भारत के उद्योग अनेक उपक्रम का एजुकेशन इन्स्ट्रूमेंट की बहुत सस्ता हुई। टैक्स कई चीजों में टैक्स उठ गया है। कई चीजों में पांच परसेट की ब्रेकेट में टैक्स आ गई। इसमें शिक्षा पे नागरिकों की स्पेंडिंग बढेगी। देश में इक्नॉमी की गति बढेगी। सर्कुलर इक्नॉमी को बल मिलेगा। यह मेरा पूरा विश्वास है।

जीएसटी परिषद का यह कदम खासकर उन परिवारों के लिए राहत भरा है जो बच्चों की पढाई के खर्च को लेकर परेशान रहते हैं। जीएसटी की दरों में हुए इस बदलाव से शैक्षणिक सामग्री की कीमतों में गिरावट आएगी और अभिभावकों का आर्थिक बोझ कम होगा। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

एनडीए ने बिहार को लेकर केरल कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया पर किये गए एक आपत्तिजनक पोस्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार और बिहारियों को अपमानित करना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है।

———बाइट———

जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि बिहार का अपमान महागठबंधन के घटक दलों के लिए राजनीतिक स्वाभिमान बन गया है।

———बाइट———

इस बीच, केरल कांग्रेस ने अपने आपत्तिजनक पोस्ट के लिए मांफी मांगी है। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी केरल कांग्रेस को इस पोस्ट को गलत बताया है।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से आज पटना में संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली का आयोजन किया गया। रैली को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि परिसीमन बिहार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि दो

हजार ग्यारह की जनगणना के आधार पर परिसीमन होता, तो आज बिहार में लोकसभा की चालीस की जगह साठ सीटें होतीं।

———बाइट———

---

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज सासाराम में राजनीतिक एकता रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि चुनाव में जनता ने इस बार बदलाव का मन बना लिया है। श्री यादव ने इस अवसर पर शहीद जगदेव प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी—सीपीआई का पच्चीसवां बिहार राज्य सम्मेलन आठ से बारह सितम्बर तक पटना में होगा। सम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मुख्य रूप से चर्चा होगी।

---

अमर शहीद जगदेव प्रसाद को आज उनकी शहादत दिवस पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। राजधानी पटना समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में एक हजार एक सौ उनसठ करोड़ रूपये की लागत की सत्रह योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने पुनपुन में ऋषिकेश की तर्ज पर बने लक्ष्मण झूला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

---

राजगीर में आयोजित पुरुषों की एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम सुपर फोर स्टेज के मुकाबले में कल चीन के साथ खेलेगी। यह मैच कल शाम साढे

सात बजे से खेला जायेगा। अभी तक एक जीत और एक ड्रॉ के साथ भारतीय टीम सुपर फोर स्टेज की अंक तालिका में चार अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है।

---

राजगीर स्थित बिहार राज्य खेल अकादमी को एशियाई हॉकी संघ और अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ मान्यता प्रदान करेगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ के अध्यक्ष तैयब खान ने आज स्पोर्ट्स कॉनक्लेव के दौरान इसकी घोषणा की।

---

पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद के जीवन और शिक्षण पर मिलाद महफिल और सीरत का आयोजन किया गया है। मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर फुलवारीशरीफ स्थित खानकाह–ए–मुजीबिया में चादर पोशी की।

---

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने अपने पांच महीने का वेतन बाढ़ पीड़ितों के लिए समर्पित किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने अपने दो –दो महीने का वेतन हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बाढ़ पीड़ितो के लिए तथा एक महीने का वेतन गुजरात के बाढ़ पीड़ितों के लिए दिया है। श्री यादव ने कहा कि आगे भी वे बाढ़ पीड़ितों की सहायता करेंगे।

---

नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर और बिहार संग्रहालय में अकादमिक और सांस्कृतिक सहयोग को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी और बिहार संग्रहालय की ओर से इसके महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने हस्ताक्षर किये।

---

बिहार कम्प्यूटर शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने राज्य में कार्यरत कम्प्यूटर अनुदेशकों को साठ वर्ष की आयु तक के लिए सेवा समायोजन करने की मांग की है। संघ की ओर से आज इस मांग को लेकर पटना में एक धरना प्रदर्शन किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए। देश के विकास में महिलाओं की अग्रणी भूमिका के लिए बालिका शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

02. राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से बिहार के तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पटना में आयोजित कार्यक्रम में राज्य शिक्षक पुरस्कार से बहत्तर शिक्षक हुए सम्मानित।

03. बिहार को लेकर केरल कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया पर किये गए एक आपत्तिजनक पोस्ट की एनडीए ने कड़ी आलोचना की।

04. और, राजगीर में आयोजित एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम सुपर फोर स्टेज के मुकाबले में कल चीन के साथ खेलेगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।